-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बबेरु पुलिस टीम द्वारा गुम हुई करीब 03 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बबेरु पुलिस द्वारा गुम हुई करीब 03 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 27.06.2026 को डायल यूपी-112 पर सूचना दी गई कि ओरन तिराहे के पास एक बच्ची जो कि अपना नाम पता नही बता पा रही है सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु श्री राजेन्द्र सिंह राजावत ने पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न संभावित स्थानों पर रवाना किया गया। पुलिस टीमों द्वारा सक्रियता एवं तत्परता के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए बच्ची के परिजनों का पता लगाकर बच्ची को सुपुर्द किया। परिजनों द्वारा बच्ची को वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।